तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

14 टोकन नहीं कटने से किसानों में रोष तेंदूकोना ...



14 शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट...





## खबर संक्षेप

### शिक्षक ने की सातवीं के छात्र से मारपीट

**महासमुंद।** सातवीं के छात्र से मारपीट करने के मामले में नांदगांव स्कूल के एक शिक्षक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी राजेश चेलक ने बताया कि उसका लड़का मिडिल स्कूल नांदगांव में सातवीं कक्षा का छात्र है। 30 जनवरी को रोजाना की भांति वह स्कूल पढ़ाई करने गया था। शाम करीबन 05 बजे स्कूल से आकर उसने बताया कि स्कूल पीरियड खत्म होने के बाद शाम 04 बजे प्रार्थना में खडा था, तभी पीछे से किसी लड़के ने उसे धक्का दिया, तब पास मे खड़े शिक्षक शंभु बंछोर ने मुझे क्यों धक्का दे रहे हो कहा, तब उसने कहा कि मैं धक्का नहीं दिया हूं। इतने में शिक्षक शंभू ने लकड़ी से चार बार मारा, जिससे पीठ, बांये कान के बगल में एवं बांये घुटने में चोट आई है, साथ ही आरोपी शिक्षक ने गाली गलौज भी किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षक के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** मुढ़ीपार क्रासिंग एनएच 53 के पास एक वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 30 जनवरी की सुबह छिबर्रा निवासी रोहित पटेल अपनी मोटर सायकल से सुबह करीबन 10 बजे बैंक के काम व गैस सिलेंडर लेने पिथौरा गये थे। वापस आते समय करीब 12.25 बजे ग्राम मुढीपार क्रासिंग एनएच 53 रोड के पास पिथौरा से झलप की ओर जा रही वाहन क्रमांक ओडी 15 एडी 0205 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर रोहित पटेल की मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से रोहित को गंभीर चोट लगी और इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिथौरा लाया, जहां डाक्टर ने चेक कर मृत्यु होना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# सिरपुर-बम्हनी सहित प्रमुख शिवालयों में उमड़ेगी आस्था, लगेगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की पावन धरा और विशेष रूप से जिले के लिए माघ पूर्णिमा का अवसर बेहद खास होने वाला है। इस साल भी जिले के प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर आस्था की डुबकी लगाने और मेले का आनंद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने वाली है। जिले के प्रमुख शिवालयों सिरपुर के गंधेश्वर महादेव, बम्हनी के बम्हनेश्वर महादेव और कनेकेरा के कनेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेलों में छत्तीसगढ़ी लोक गीतों और नाचा-गम्मत के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के खिलौने, झूले और पारंपरिक पकवानों की दुकानों से मेला क्षेत्र गुलजार रहेगा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महानदी के घाटों पर भी सुरक्षा के इंतजाम की गई है। माघ पूर्णिमा को माघी पुन्नी के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन न केवल धार्मिक अनुष्ठानों का है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आपसी मेल-मिलाप का भी एक बड़ा माध्यम है। जिले के ये शिवालय इस दिन हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठेंगे। श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही पवित्र नदियों में स्नान कर मंदिरों में जल अभिषेक करेंगे। इसके बाद दिन भर मेले का लुत्फ उठाएंगे।

## विशेष पूजा-अर्चना और भव्य मेले की तैयारियां पूरी

### गंधेश्वर महादेव का विशेष महत्व

जिले का ऐतिहासिक स्थल सिरपुर माघ पूर्णिमा पर केंद्र बिंदु रहता है। महानदी के तट पर स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए प्रदेश भर से लोग आते हैं। मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन महानदी में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। यहां तीन दिनों तक चलने वाले मेले में स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प की झलक देखने को मिलती है। महानदी की आरती और दीपदान इस दिन का मुख्य आकर्षण होगा।



### बम्हनी-कनेकेरा में भी धूम

महासमुंद ब्लॉक के ही बम्हनी गांव में स्थित बम्हनेश्वर महादेव मंदिर में भी माघ पूर्णिमा पर विशेष उत्सव मनाया जाता है। यहां का प्राकृतिक वातावरण और प्राचीन शिवलिंग के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। इसी तरह कनेकेरा के कनेश्वर महादेव मंदिर में भी मेले का आयोजन किया जा रहा है, जहां आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण अपनी टोलियों के साथ पहुंचते हैं।

## आयोजन : प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी बांधेंगे समां

# तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव आज से, होगा रंगारंग आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर नगरी सिरपुर में 1 से 3 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में इस बार श्रद्धा, भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आज पहले दिन 1 फरवरी, रविवार की शाम प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी एवं उनकी बैंड टीम, दिल्ली की विशेष प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी। वे अपने लोकप्रिय भजन मेरा भोला है भंडारी से समा बांधेंगे। शाम 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित होने वाली इस संगीतमय संध्या में बाबा हंसराज रघुवंशी अपनी प्रसिद्ध भक्ति रचनाओं और मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। शिव भक्ति और आध्यात्मिक गीतों के लिए देशभर मंस प्रसिद्ध बाबा हंसराज की प्रस्तुति से सिरपुर की पावन धरती भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग जाएगी। इसके अलावा सिरपुर महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के साथ-साथ देश की शास्त्रीय, सूफी एवं आधुनिक संगीत विधाओं का संगम देखने को मिलेगा।





### महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे सीएम साय

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में आज से शुरु होने जा रहे सिरपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को महोत्सव में शामिल होने आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री साय जिले को विकास की बड़ी सौगात देते हुए जिले में कुल 199 करोड़ 28 लाख 59 हजार रुपए की लागत की 99 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। साडा और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। महोत्सव के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पेयजल, साफ-सफाई और चिकित्सा सेवाओं के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं।



### विधायक ने लिया महोत्सव की अंतिम तैयारियों का जायजा

सिरपुर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए शनिवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने महोत्सव स्थल का दौरा कर सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मंच, दर्शक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सिरपुर महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि जिला की विशिष्ट पहचान और गौरव से जुड़ा उत्सव है। विधायक सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान आने वाले कलाकारों, पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने।

### विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनी से दिखेगी विकास की झलक

सिरपुर महोत्सव के अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल एवं आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जिला पंचायत (एनआरएलएम), कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सिरपुर क्षेत्र विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सिरपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से सिरपुर के ऐतिहासिक स्थलों की झलकियों का प्रदर्शन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन एलईडी एवं कला जत्था के माध्यम से किया जाएगा। विभागों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की भी झलक देखने को मिलेगी। सिरपुर महोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसमें चित्रकला के माध्यम से सिरपुर की ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, परंपरा एवं प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाया जाएगा। यह प्रदर्शनी पर्यटकों एवं आम नागरिकों को सिरपुर की गौरवशाली विरासत से रूबरू कराएगी।

# बापू का चश्मा हुआ चोरी, कांग्रेस ने की सख्त कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिले के बागबाहरा स्थित मुख्य मार्ग में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ की गई है तथा गांधी का चश्मा चोरी कर लिया गया है। इस कृत्य को अत्यंत निंदनीय है और समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाने वाला बताते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने पुलिस विभाग से मामले में लिप्त आरोपियों के खिलाफ शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंनें उक्त कृत्य के संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेसजन जनभावनाओं के अनुरूप उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन से इस घटना को गंभीरता से लेते हुए गांधी की प्रतिमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मनरेगा बचाओ अभियान एवं किसानों के हित में धान खरीदी की निर्धारित तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर बागबाहरा क्षेत्र में कांग्रेसजनों द्वारा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का-जाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसी दौरान विधायक यादव ने गांधी जी की प्रतिमा के साथ हुए कृत्य को देखा और तत्काल उक्त शर्मनाक घटना पर कार्रवाई की मांग की।

# अमन बने युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए जिले के जिलाध्यक्ष पद पर अमन वर्मा को नियुक्त किया है। अमन इसके पूर्व युवा मोर्चा में जिला महामंत्री रहे हैं। इनके पास पूरे जिले भर में युवाओ की अच्छी टीम है। लंबे समय से युवा मोर्चा में काम करने का अनुभव होने पश्चात जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति पश्चात जिले के युवाओं ने हर्ष व्याप्त है। नियुक्ति पर अमन ने प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया, जिला अध्यक्ष एतराम साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक डा संपत अग्रवाल छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारत राज्य मुख्य आयुक्त स्काउट इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने मुझे जो जवाबदारी सौपी उस पर मैं पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा और पार्टी रीति-नीति से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ पार्टी को मजबूत करने का कार्य पूरी निष्ठा से करूँगा।



# धान खरीदी के अंतिम दिन तक सुव्यवस्थित धान खरीदी

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-2 अंतर्गत जिले में धान खरीदी के अंतिम दिन भी खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रही। धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सभी नोडल अधिकारियों, सहकारी समिति प्रबंधकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को सतत निगरानी एवं नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। निरंतर निगरानी, समन्वय एवं सक्रियता के चलते जिले में धान खरीदी किया गया। 30 जनवरी शाम की स्थिति में जिले में 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 9 लाख 75 हजार 177 मीट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका है। अब तक कुल 5 लाख 18 हजार 507 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हो चुका है। हैं। जिसके विरूद्ध जिले में कुल 333 मिलों के माध्यम से 2 लाख 97 हजार 449 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। अब तक एक लाख 46 हजार 861 किसानों द्वारा धान का विक्रय कर लिया गया है।

## धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने किसान कांग्रेस ने एनएच में प्रदर्शन के दौरान किया चक्काजाम



**महासमुंद।** पीसीसी के आह्वान पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू के नेतृत्व में शुक्रवार को बिरकोनी में राष्ट्रीय राज्यमार्ग-53 पर धान खरीदी को लेकर सांकेतिक रूप से चक्काजाम किया। प्रदर्शनकारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से धान खरीदी की समय-सीमा एक माह बढ़ाने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, अमर चंद्राकर, सौरभ हनी चंद्राकर, विष्णु साहू, दीपक चंद्राकर, कुलेश्वर ठाकुर, अरुण चंद्राकर, कपिल साहू, हर्ष शर्मा, नवदीप चंद्राकर, गजेंद्र साहू, शैलेंद्र सेन, बिहारी पटेल, लिखित यादव, लता यादव, गौरी साहू, राधा साहू, जयश्री, कुणाल चंद्राकर, डिगेश्वर, सत्यम, हेमंत कुर्रे, बाबूलाल, लक्की चंद्राकर, लेखराम साहू सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंजीकृत किसान धान बेचने अंतिम दिन तक केंद्रों के चक्कर काटते रहे

# 11 हजार से अधिक किसानों की उम्मीदें टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया है। लेकिन, जिले के 11,192 पंजीकृत किसान इस साल अपना धान बेचने से पूरी तरह वंचित रह गए हैं। तमाम तैयारियों और दावों के बीच किसान अंतिम दिन तक केंद्रों के चक्कर काटते रहे। लेकिन, उनका धान नहीं खरीदा जा सका।



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस सीजन में कुल 1,48,418 किसानों से 10 लाख 187 मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जो छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक है। खरीदी का विवरण इस प्रकार है जिसमें मोटा धान 8,17,029 मीट्रिक टन, सरना धान 1,83,125 मीट्रिक टन, पतला धान 32.80 मीट्रिक टन की खरीदी की गई हैं। किसानों ने मांग की है कि शासन सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके लिए खरीदी की तारीख कुछ दिनों के लिए और बढ़ाए या कोई वैकल्पिक व्यवस्था करें, ताकि उनकी साल भर की मेहनत बर्बाद न हो।

### 11,192 किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

जिले के 11,192 किसानों के लिए धान खरीदी का अंतिम दिन निराशा लेकर आया। इन किसानों ने पूरे साल मेहनत की, खाद-बीज का कर्ज लिया, लेकिन टोकन की समस्या, पोर्टल की तकनीकी खराबी या समय की कमी के कारण इनका धान केंद्रों के बाहर ही रह गया। अधिकांश किसानों ने सोसायटियों और साहूकारों से कर्ज लिया था, जिसे धान बेचकर चुकाना था। इतनी बड़ी मात्रा में धान को सुरक्षित रखना छोटे किसानों के लिए असंभव है।

### उठाव की स्थिति

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक 5,18,507 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया जा चुका है। जिले की 333 मिलों के माध्यम से अब तक 2,97,449 मीट्रिक टन धान का उठाव भी हो चुका है। हालांकि, यह सक्रियता उन किसानों के किसी काम की नहीं रही जो अपनी उपज बेचने की कतार में ही खड़े रह गए।

## मुख्य चौक चकाचक, गलियों में कचरे का अंबार



**महासमुंद।** शहर की सफाई व्यवस्था इन दिनों भेदभाव का शिकार नजर आ रही है। पालिका प्रशासन का पूरा ध्यान केवल मुख्य चौक-चौराहों और वीआईपी सड़कों को चमकाने पर है। जबकि, वार्डों की अंदरूनी गलियां और खाली प्लाट कचरा डंपिंग यार्ड बन चुके हैं। वार्डों में नियमित सफाई न होने से सड़कों पर गंदगी बिखरी पड़ी है, जिससे उठने वाली दुर्गंध स्थानीय निवासियों के लिए परेशानियों की वजह बन रही है।

## खबर संक्षेप



### श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को दी गई। योजनाओं के बारे में वार्ड नंबर 24 एवं 30 में बैठक लेकर विधायक प्रतिनिधि श्रम विभाग रेखा बेहरा के द्वारा जानकारी दी गई एवं श्रमिक कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया गया और बताया गया कि जिला में 4000 श्रमिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है।

### कैंप में पेंशन से जुड़े मामलों का किया गया निराकरण

**महासमुंद।** जिला कोषालय सभाकक्ष में पेंशन एवं वेतन निर्धारण कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर से अजय कुमार साहू, सहायक संचालक, संदीप कुमार साहू, एसएएस, तथा प्रकाश सिंह ठाकुर, एसएएस की टीम उपस्थित रहे। कैंप में जिला अंतर्गत 36 कार्यालय से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। जिसमें कुल 117 प्रकरणों का निराकण किया गया जिसमें 09 पेंशन प्रकरणो से संबंधित तथा 108 वेतन निर्धारण जांच के प्रकरण का कैंप में निराकरण किया गया।



### पारिवारिक मूल्यों की समझ परोस रहा है, कोंडा तराई सरकारी कन्या स्कूल

**महासमुंद।** अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल पटेल ने 40 वर्षों से संचालित कोंडातराई कन्या माध्यमिक सरकारी विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान अध्यापक बाबूलाल नायक व शिक्षक साथियों के चेतना विकास मूल्य शिक्षा संबंधी किये प्रयोगों, प्रयासों, नवाचारी गतिविधियों की सराहना की। पटेल ने बताया कि इस विद्यालय से पढ़कर निकली हजारों कन्याएं विवाह के पश्चात हजारों गांवों के परिवारों का पालन-पोषण कर रही हैं, नाम रोशन कर रही हैं, सुख-समृद्धि पूर्वक परिवार चला रही हैं, तलाक के केस एक भी नहीं हैं, परिवारों में झगड़े झंझट के केस भी नहीं, जो यह दर्शाता है कि यह विद्यालय चेतना विकास मूल्य शिक्षा का प्रकाश 40 वर्षों से फ़ैला रहा है।

# भाजपा संगठन को और मजबूत करने पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद की महत्वपूर्ण जिला संगठनात्मक बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय, महासमुंद में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन, प्रतिबद्धता और निरंतर जनसेवा पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन के प्रत्येक दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निभाएं, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाएं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने यह भी कहा कि आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करना समय की आवश्यकता है, इसके लिए निरंतर जनसंपर्क, कार्यकर्ता संवाद एवं संगठन विस्तार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

वहीं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित होकर कार्य करता है। उन्होंने संगठनात्मक एकजुटता, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आगामी कार्यों पर तैयारियों पर विशेष बल दिया। बैठक की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू द्वारा रखी गई, जिसमें संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

बैठक में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री द्वय थानसिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी, सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री थानसिंह दिवान ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव एवं आनंद साहू ने दी।

## कुष्ठ दिवस पर कसेकेरा में जागरूकता कार्यक्रम

**कोमाखान।** राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (भारत सरकार) लालपुर, रायपुर के निदेशक डॉ. कृष्णमूर्ति कांबले ने महासमुंद जिले के दौरे के दौरान शासकीय मिडिल एवं हाई स्कूल कसेकेरा का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी आदतों की जानकारी ली तथा स्वच्छता व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय क्षेत्र में फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या को देखते हुए डॉ. काम्बले ने संबंधित जिला अधिकारियों को शुद्ध पेयजल हेतु आवश्यक मशीन लगाए जाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने दांतों की नियमित सफाई, आसपास स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें ही आगे चलकर व्यक्ति को महान बनाती हैं। डॉ. कांबले ने महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है, जो सेवा, समर्पण और अस्पृश्यता के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज से अंधविश्वास दूर कर समतामूलक समाज निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्य चिकित्साधिकारी एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में क्या बनना है और अगले 10 वर्षों का लक्ष्य क्या होगा, इसका निर्णय आज से ही कर लेना चाहिए।



छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम की जानकारी देते हुए डर के बजाय जागरूकता अपनाने और कुष्ठ उन्मूलन का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में खंड चिकित्साधिकारी बागबाहरा डॉ. बी.एस. बढ़ाई, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मधुराम देवांगन, जिला सलाहकार (कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम) एकेश्वर शुक्ला, बी.एल. साहू (एनएमए) एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी मिनीकेतन चौधरी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में व्याख्याता लोकू चंद्राकर, जितेंद्र साहू, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, राहुल ध्रुव एवं मोनेश का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रधानपाठक डॉ. विजय शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## केवायसी के नाम पर गरीबों के राशन में कटौती अमानवीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पिछले 3 माह से सैकड़ों बीपीएल परिवारों को मिल रहा केवल 20 किलो चावल
- केवायसी अपडेट कराने के बाद भी परिवार के सदस्यों का नाम गायब



पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि केवायसी के नाम पर गरीब हितग्राहियों को राशन से वंचित किया जा रहा है। अनेक राशन कार्डधारी परिवारों के सदस्यों का नाम केवायसी अपडेट कराने के बहाने काट दिया गया है। जिससे उन्हें कम राशन मिल रहा है। जिन परिवारों में 5 सदस्य हैं, ऐसे अनेक कार्डों में 2 या किसी कार्ड में 3 सदस्यों का नाम काट दिया गया है। जिससे बीपीएल परिवारों को 35 किलो चावल के स्थान पर केवल 20 किलो चावल ही दिया जा रहा है। यह गरीब परिवारों के अधिकार छीनने जैसा कृत्य है। गत दिसंबर माह से शहर के सैकड़ों बीपीएल परिवारों को 35 किलो के स्थान पर केवल 20 किलों चावल ही दिया जा रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में राशन प्रणाली व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। प्रशासनिक लापरवाही व सरकार की बदनीयती के चलते गरीब जनता के हक पर डाका डाला जा रहा है। केवायसी ो को बहाना बनाकर अनाज में कटौती की जा रही है, और वृद्धजनों को थंब इम्प्रेशन न मिलने पर पूरी तरह राशन से वंचित किया जा रहा है, जो अमानवीय है।

## पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि ने बरोंडाबाजार धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधान सभा क्षेत्र के बरोंडा बाजार धान खरीदी केंद्र में महासमुंद कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने किसानो को हो रही दिक्कत तो को जानने के लिए धान खरीदी केंद्र में पहुंची डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि उन्हें लगातार किसानों के फोन आ रहे हैं। किसान बता रहे हैं कि धान खरीदी नहीं हो पा रही और उन्हें केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार आखिर कर क्या रही है? खरीदी केंद्र में भाजपा के सुशासन वाली सरकार के पोल खुलते हुए मिली भाजपा सरकार के दावे के ठीक उल्टे लगभग 40 किसान का अब तक एक बार टोकन नहीं कटा है जबकि लगभग 110 किसान का धान बेचना अब भी बाकी है एक तरफ भाजपा की सरकार दावा कर रही है कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जा रहा है जबकि यह स्थिति भाजपा सरकार के दावे को पूरी तरह ना करते हुए भाजपा सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को उजागर कर रही है इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद ना प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही भाजपा के जनप्रतिनिधि किसानों की सुध ले रहे हैं।



डॉ रश्मि चंद्राकर ने मांग की कि किसानों की परेशानी को देखते हुए धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि तय लक्ष्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं और किसान अपना पूरा धान बेचने से वंचित हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई गई गई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी की तारीख को एक माह बढ़कर सभी किसानों से एक-एक दाना धान खरीदी करे। प्रत्येक किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी कर एकमुश्त 3100 रुपए के दर से भुगतान करें। उक्त अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष किशन देवांगन व सचिन गायकवाड़ मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रांजलि का चयन

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (रग्बी फुटबॉल अंडर 19वर्ष) का आयोजन 28जनवरी से 2फरवरी 2026 तक भूमनेश्वर (कटक) में आयोजित किया गया है जिसमें पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव से प्रांजलि भारती पिता कन्हैया भारती ग्राम तेंदुवाही नेगुर भाटा वार्ड क्रमांक 11 कक्षा 12वीं की छात्रा का छत्तीसगढ़ की टीम भुवनेश्वर (कटक) के लिए चयन हुआ है। चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद मनोज घृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेंन, समग्र शिक्षा महासमुंद बीएमसी रेखराज शर्मा पीएम सजेस तुमगांव प्राचार्य देवेंद्र अगलावे, वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरील, आई.एल साहू, के.आर साहू, सत्यदेव जेंड्रे, सिद्धांत गायगौरे। खेल प्रशिक्षक डॉ. सुनील भोई, कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता एवं समस्त हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्टाफ में अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, हेमलता साहू, अंकिता ठाकरे, पवन डड़सेना, ज्योति सिंह, सविता ध्रुव, देवेश साहू, रोहित साहू, गीतिका कौशिक, कुसुम कुजूर, मधुरिमा शर्मा, सुरेश यादव सागर झा, सत्यम पांडे, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बारिहा, बरखा शर्मा, लोकेश साहू, तरुण सिन्हा, सोनाली साहू, सजल चंद्राकर रूपाली साहू, लक्ष्मीनारायण साहू रेणुका साहू, प्रगति साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, लिली मजखंड, चेतना फेकर आदि ने हर्ष जताया है।

## सिर्रीकला में आयोजित भागवत में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सिर्रीकला (राजिम) में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने कथा व्यासपीठ में विराजित कथा वाचिका का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। पश्चात भागवत भगवान की पूजा कर समस्त क्षेत्रवासियों को खुशहाली व किसानों की समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में साहू ने भगवान राधा कृष्ण की जयकारे लगाते हुए कहा कि भागवत में जीवन का सार छुपा है। इसके श्रवण से मन को शांति मिलती है। भगवान शुकदेव ने परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर उसे मोक्ष का मार्ग दिखाया था। उसी प्रकार पूरे श्रद्धा से भागवत कथा सुनने से सारे कष्टों का नाश हो जाता है। उन्होंने ग्राम सिर्रीकला के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भाग्यशाली हैं, जो आपके गांव में इस महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। भागवत के प्रभाव से केवल सिर्री ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के लोगों का कल्याण हो रहा है। कथा सुनने ग्राम सिर्री सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## सशिमं सांकरा में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव

**सांकरा।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांकरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मातृ शक्ति का नमन करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है और राष्ट्र निर्माण में माताओं की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं जागरूक माताएं ही सशक्त, संस्कारित और सभ्य समाज की नींव रखती हैं। मातृ सम्मेलन में माताओं की बड़ी उपस्थिति यह दर्शाती है कि सांकरा क्षेत्र अपने बच्चों के भविष्य को लेकर सजग और गंभीर है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे सही मंच और मार्गदर्शन मिलने पर वे बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं भारतीय परंपरा की सुंदर झलक देखने को मिली, जो यह सिद्ध करती है कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी केंद्र है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य ऊंचा रखें, निरंतर परिश्रम करें और शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल सिंह छाबड़ा, सांकरा मंडल अध्यक्ष हलधर साहू, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल अंबू, महामंत्री झाडूराम परमार, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अध्यक्ष सांकरा सोसायटी प्रहलाद पटेल, अध्यक्ष सपोस सोसायटी निरंजन यादव, जमीनदाता सुरजाबाई जगन्नाथ ध्रुव, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, पूर्व सरपंच मेमबाई नेताम, प्रधानाचार्य नरेश साहू, संयोजक गोकुलानंद प्रधान, महिला मोर्चा महामंत्री मंजू यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण, मातृ शक्ति, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





### तृप्ति खरे को स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से एमएफए मूर्तिकला में तृप्ति खरे ने प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर इन्हें विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में 28 जनवरी को आयोजित 17 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने कविता कृष्ण कुमार शास्त्री स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। मूर्तिकला की मेधावी छात्रा तृप्ति खरे स्थानीय अयोध्या नगर निवासी कवि व साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे की सुपुत्री है व वरिष्ठ मूर्तिकार प्रोफेसर शिब प्रसाद चौधरी से मूर्ति कला की शिक्षा ग्रहण की है। इस उपलब्धि पर परिवार जनों के अलावा इंटैक, आस्था साहित्य समिति, काव्यांश, दिशा नाट्य मंच के पदाधिकारियों, सदस्यों व पत्रकार बंधु व विश्वविद्यालयीन इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयाँ व शुभकामनाएं दी है।



### खुटेरी स्कूल में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**अरंड।** ग्राम खुटेरी में विद्यालय परिवार खुटेरी ने गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। गांधी के विचारों उनके सिद्धांतों की जानकारी देते हुए प्राथमिक प्रधान पाठक डोलामणि साहू ने बताया कि महात्मा गांधी ने जीवन भर सत्यनिष्ठ रहकर अनुशासन से जीवन जिया और लोगों को इसका संदेश दिया। प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी पालेश्वर पटेल ने कहा कि हमें अपने कार्यों को स्वावलंबी बनकर करना चाहिए इससे हम आगे उन्नति करने में सफल होंगे। अंत में उपस्थित विद्यार्थियों एवं उपसरपंच गेसराम पटेल, विश्वनाथ माझी अभिनंदन नाग, कुमुदिनी बरिहा, अनिता बरिहा की उपस्थिति में गांधी को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### प्रेमशीला बघेल सम्मानित

**महासमुन्द।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के मुख्य कार्यक्रम में परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शहर की सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशीला बघेल को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में नगर पालिका उपाध्यक्ष देविचंद राठी, पार्षद पीयूष साहू, पार्षद सोनाधर सोनवानी एवं पार्षद कल्पना सूर्यवंशी द्वारा बघेल से सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष राठी ने कहा कि प्रेमशीला बघेल शहर के लिए गौरव हैं।

### महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्-छात्राएं उपस्थित रहे। उप प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य, अहिंसा एवं शांति के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कक्षा सातवीं की नैना सोनी द्वारा गांधी के विचारों पर भाषण प्रस्तुत किया गया एवं मौन श्रद्धांजलि भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे वातावरण में शांति, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### सामान्य वर्ग की प्रतिनिधि तीन को सौंपेंगे राष्ट्रपति का नाम ज्ञापन

**महासमुंद।** उच्च शिक्षण संस्थाओं में यूजीसी कानून 2026 के विरोध करने ब्राह्मण समाज भवन में सामान्य वर्ग के पदाधिकारी, प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस कानून के विरोध स्वरूप व तिथि तय करने के संबंध में विचार व्यक्त किया। तदुपरांत 3 फरवरी को दोपहर 12 बजे लोहिया चौक से कलेक्टर कार्यालय तक विशाल रैली के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को यूजीसी कानून 2026 को वापस लेने ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही पूर्व निर्धारित 1 फरवरी भारत बंद का समर्थन करते हुए व्यापक समर्थन दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में ब्राह्मण समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, उत्कल ब्राह्मण समाज, कायस्थ समाज, गुजराती समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, मराठा समाज, गुप्ता समाज, सिख समाज, बंग समाज, दक्षिण भारतीय ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्रों ने गांधी को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में आज शहीद दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र छात्राएं और समस्त स्टॉफ के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन व्याख्याता गण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी कार्तिक राम यादव उपस्थित रहे संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

## मधुबनखुर्द विजेता, विधायक ने की 5 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम रोहिना में युवा आज़ाद समिति रोहिना के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का 39वां आयोजन दो दिवसीय खेल मुकाबलों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक चातुरी नंद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा आज़ाद समिति द्वारा लगातार 39 वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करना खेल संस्कृति को जीवंत रखने का अनुकरणीय प्रयास है। खेल युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व का गुण भी सिखाता है। उन्होंने समिति को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।



प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मधुबनखुर्द (बिलाईगढ़) टीम ने ठाकुरीपाली (बागबाहरा) को 7 अंकों से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 21,011 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता ठाकुरीपाली टीम को 10,011 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली लोहारपाली टीम को 7,011 रुपये तथा चतुर्थ स्थान पर रही रोहिना टीम को 5,011 रुपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

व्यक्तिगत प्रदर्शन में बेस्ट ऑलराउंडर का पुरस्कार विनय (मधुबनखुर्द), बेस्ट केचर दिलीप (मधुबनखुर्द) और बेस्ट रेडर दीपक (ठाकुरीपाली) को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र सहित राज्य की कुल 41 टीमों ने भाग लिया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में हजारों दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया।

अंत में युवा आज़ाद समिति रोहिना के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों, निर्णायकों, अतिथियों, दानदाताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

सुअर माल राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन सामाजिक भवन कोमाखान में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, विशिष्ट अतिथि डॉ लक्ष्मी चंद देवांगन जिलाध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता पीलू राम देवांगन ने किया।



ठाकुर ने समाज में शिक्षा, सामाजिक एकता, के ऊपर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता, शिक्षा, संघटन, के साथ-साथ सामाजिक नियमावली पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में सामाजिक पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष पीलूराम देवांगन, उपाध्यक्ष, दिलीप देवांगन, सचिव हिरेंद्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष भोजनाथ देवांगन, सह सचिव ओम प्रकाश देवांगन का चयन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य सामाजिक पुनीत राम, प्रदेश उपाध्यक्ष, घना राम, सेवा राम हिरा लाल, बंसी लाल, पूर्व अध्यक्ष, ठाकुर राम, राजू, चुन्नी लाल, सोफ लाल, संजय हेमलाल, अजय, सूर्य, मिश्री, महादेव, लखन लाल, डोमन, नीरा बाई, रूपा देवांगन, गिरिजा देवांगन, रजमत बाई, भानु, इतवारी सहित भारी संख्या में उपस्थिति थे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा
चाहे दुर्घटना हो, हार्ट अटैक, सांस की तकलीफ या कोई और गंभीर स्थिति :
इमरजेंसी में तुरंत और सटीक इलाज
24/7 मॉनिटरिंग एवं वेंटीलेटर सपोर्ट
अनुभवी डॉक्टर्स की तत्पर टीम
24/7 क्रिटिकल केयर
डॉ. वैभव धवली – न्यूरो एक्सपर्ट
डॉ. राहुल कश्यप – MD, एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर
डॉ. मौना शाह – MD, एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर
डॉ. संदीप अग्रवाल – हड्डी, जोड़ एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ
AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
TPA, CGHS की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री बनीं बबली



**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें घोडारी क्षेत्र की जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े बबली को जिला मंत्री बनाया गया है। दायित्व मिलने पर जांगड़े समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और हर्ष व्यक्त किया।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2 से

**महासमुंद।** जिले के विभिन्न विकासखंडों में महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला के तहत 02 फरवरी को जगदीशपुर पिथौरा और खटखटी बसना में तथा 03 फरवरी को कुटेला सरायपाली में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। इसमें बैडमिंटन, खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, हॉकी के साथ-साथ 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल हैं। सभी खेल निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार आयोजित होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सरायपाली विकासखंड की महिला खिलाड़ी हेमसागर केवर्त, पीटीआई शुभ्रा डडसेना, लखेश्वर भोई, शिवकुमार पटेल, केपी साहू और मुकेश साहू से संपर्क कर पंजीयन कर सकती हैं।

### फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम

**महासमुंद।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में फैकल्टी डाइवर्सिटी को विशेष महत्व दिया गया है। इसके अंतर्गत कला संकाय का विद्यार्थी विज्ञानों, वाणिज्य विषय एवं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी कला विषय का अध्ययन कर सकता है। संकाय विविधता के महत्व को विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में फैकल्टी डाइवर्सिटी पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी प्रो. डॉ.रीता पांडेय, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. डॉ मालती तिवारी, विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ई पी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रभारी, अजय कुमार राजा, छात्र संघ प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ दुर्गावती भारतीय, कंप्यूटर संकाय प्रभारी डॉ अजय कुमार देवांगन मौजूद थे।

## निधन

### सतीश गोतमारे



**महासमुंद।** शहर के क्लब पारा निवासी सतीश गोमारे (60 वर्ष) का आकस्मिक निधन 31 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज रविवार को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में होगा। वे सुदेश एवं उमेश गोतमारे के भाई थे।

# कोमाखान में मनरेगा बचाओ अभियान एवं धान खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना एवं चक्का-जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोमाखान के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ अभियान एवं धान खरीदी की निर्धारित तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का-जाम का आयोजन किया गया।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों की जीवनरेखा है, किंतु वर्तमान सरकार की नीतियों के चलते रोजगार के अवसर लगातार कम किए जा रहे हैं। वहीं किसानों को उनकी उपज का समय पर उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। धान खरीदी की



तिथि सीमित रखकर सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी तथा किसानों एवं मजदूरों के अधिकारों की रक्षा हेतु सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। धरना-प्रदर्शन के उपरांत महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रवि निषाद (खल्लारी), अंकित बागबाहरा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल (कोमाखान), नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा (कोमाखान), किसान कांग्रेस नेता चंद्रहास साहू, हरिशंकर यादव, आकाश चंद्राकर, पूर्व विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम राणा (खल्लारी) एवं युवा नेता आशीष दीवान उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष किशोर चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष तुलाराम, मंडल अध्यक्ष मूलचंद चंद्राकर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अंजोर ठाकुर, महिला मंच अध्यक्ष डुमरोतिन ठाकुर सहित गोलू जैन, नरेंद्र जैन, राजू जैन, वाजिद खान, समीर, राजू चंद्राकर (सरपंच, मुंगासेर), लालाराम माझी, प्रीतम साहू, राजेंद्र शर्मा, अनुकी सेन, कांति महाराज, ओंकार ठाकुर, धनराज चंद्राकर, राजकुमार ध्रुव, तूफान दीवान, चैत राम दीवान, नारायण सिन्हा, मुंशी लाल साहू एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसीजन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



### सितली नाला को पुनर्जीवित करने उमड़ा जनसैलाब, श्रमदान में जुटे सैकड़ों हाथ

**महासमुंद।** नगर की सितली नाला क्षेत्र में शुक्रवार को वृहद श्रमदान हुआ। इस कार्य में निर्धारित समय से पूर्व ही सुबह 8:45 बजे बड़ी संख्या में लोग हाथों में फावड़ा और टोकरी थामे नाला और तट के आसपास सफाई में जुट गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय सह संयोजक पर्यावरण राकेश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी महाराज ने की। मंच पर प्रांत सह कार्यवाह घनश्याम सोनी, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़, जिला संघ चालक महेश चंद्राकर, सचिव मोहन साहू एवं खैरा सरपंच प्रांशु चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, इंजीनियर आरएस माली, विभाग प्रचारक ठाकुर राम, पारस चोपड़ा अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन, ठाकुर राम, ढालू राम साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज, रायपुर से आए अतिथि डॉ. कुलकर्णी, डॉ. विनोद तिवारी और कुशल राठौड़, की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता महेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम के अंत में समिति के सचिव मोहन साहू ने उपस्थित अतिथियों एवं श्रमदानियों का आभार व्यक्त किया।

## गांधी पुण्यतिथि पर शराब दुकान खोलने का विरोध, कांग्रेस ने फूंका सीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को शराब दुकान का संचालन करने के विरोध में शनिवार को तुमगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमर चंद्राकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व आबकारी मंत्री लखन लाल का पुतला दहन किया।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरुण चंद्राकर, कपिल साहू, गिरधर आवड़े, अमन चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, नितेंद्र बनर्जी, विजय बांदे, शिव यादव, राहुल यादव, सिद्धांत साहू, नसरुद्दीन भाटी, कुणाल चंद्राकर,



विक्की पटेल, सुरेंद्र पटले, गोविंद, हेमंत कुर्रे, योगेश पटेल, रामकिशोर अहिरवार, धर्मेंद्र धीवर, चंदू जांगड़े, राजकुमार, राजकुमार, टेथीस पंच, डीगेश खैरवार, सत्यम, चमन मारकंडे, बाबूलाल रात्रे, मनोज, जय पवार, राहुल यादव, पराग आवड़े, जयपाल खैरवार आदि उपस्थित रहे।

## शराब भट्ठी विवाद पर किसान कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब भट्ठी खुली रहने



पर आपत्ति दर्ज कराते हुए किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने भाजपा सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते हुए इसे किसानों और गांधीवादी विचारधारा के खिलाफ बताया है। मानिक ने जारी बयान में कहा है कि गांधी के नशामुक्त समाज के संदेश के विपरीत पुण्यतिथि के दिन शराब बिक्री जारी रखना सरकार की नीति और नीयत पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एक ओर गांधी के नाम पर कार्यक्रम करती है, दूसरी ओर उनके सिद्धांतों की अनदेखी करती है। किसान कांग्रेस ने मांग की है कि राष्ट्रीय महत्व के दिनों में शराब दुकानें बंद रखने का स्पष्ट नियम बनाया जाए और धान खरीदी से वंचित किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति



**महासमुंद।** शिक्षण संस्था बचपन स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को भलेसर रोड उत्साह के साथ संपन्न हुआ। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अत्यंत आकर्षक एवं सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन और उसकी व्यवस्था की लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ निखिल कांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष व संस्था के चेयरमैन राजेश लूनिया एवं सम्यक लूनिया, सीए नेहा लूनिया एवं विजयलक्ष्मी लूनिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बताया गया कि विगत दिनों दिल्ली में आयोजित 'मास्टरों अवार्ड' सम्मेलन में महासमुंद की बचपन एएचपीएस स्कूल को सर्वश्रेष्ठ शाला से पुरस्कृत किया गया। शाला की डायरेक्टर नेहा लूनिया ने इस उपलब्धि के लिए और आज के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शाला के समस्त टीचर्स व पालकों और गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूता से लापरवाही निजी अस्पताल भेजने का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सरकारी अस्पताल में प्रसव हेतु भर्ती महिलाओं के इलाज में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। झलप उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला नर्स योगिनी सुकतेल पर प्रसूता के इलाज में जानबूझकर देरी और गलत जानकारी देकर निजी अस्पताल भेजने का दबाव बनाने का आरोप है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामनगर निवासी एक गर्भवती महिला को 29 जनवरी को झलप उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। महिला की स्थिति सामान्य थी और नॉर्मल डिलीवरी संभव थी, इसके बावजूद नर्स द्वारा महिला को रात 4 बजे तक अनावश्यक रूप से

- खंड चिकित्सा अधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लिया, कहा-जांच होगी

भर्ती रखा गया। इसके बाद उसे अचानक क्रिटिकल केस बताकर आसपास के निजी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी गई। हैरानी की बात यह रही कि महिला को रेफरल लेटर तक नहीं दिया गया। मजबूर होकर परिजन महिला को खरोरा स्थित सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों द्वारा महिला की सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। बताया जा रहा है कि प्रसव की पूरी जिम्मेदारी नर्स योगिनी सुकतेल के पास थी, लेकिन उनके द्वारा जानबूझकर यह कृत्य किया गया। पीड़िता के पति ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी, तुमगांव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



### संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित

**झलप।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर जिला कार्यक्रम संयोजक भाई देवेंद्र राय के नेतृत्व में रविदास गुरुद्वारा परिसर में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संत गुरु रविदास जी के विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग समता, सद्भाव और मानवता पर चलने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 1 फरवरी को संत रविदास जयंती ग्राम झलप में धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके पूर्व सुबह भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा रविदास गुरुद्वारा परिसर की साफ-सफाई भी की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जानवी साहू, मीडिया प्रभारी आनंद साहू, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, प्रकाश चंद्राकर, सोसायटी अध्यक्ष सागर साहू, सुनील निषाद, रविदास समाज जिलाध्यक्ष देवेंद्र रौतिया, वार्ड पंच चेतन रौतिया, रोहित रौतिया, धनंजय युग्रे, लहरी गुरुजी सतीश मार्कंडे, पूरन मार्कंडे, अर्जुन कोसरिया, गोवर्धन आवडे, मुकेश खुंटे, सेवक रौतिया, धनंजय उगरे, राजेश टंडन, मनोहर टंडन सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### विद्युत विभाग ने मनाया रजत जयंती महोत्सव

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण राज्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके तहत विद्युत वितरण केंद्र पटेवा के द्वारा मिडिल स्कूल प्रांगण में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम 31 जनवरी को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिशारामस्वरुप दीवान (जनपद पंचायत अध्यक्ष महासमुंद), अध्यक्षता दूजबाई/राजू ध्रुव (सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा), संतोष शर्मा (उप सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा), राजकमल पटेल (सरपंच ग्राम पंचायत खट्टा), गिरीश कुमार नायक (उपसरपंच खट्टा), सुनील शुक्ला पंच ग्राम पंचायत पटेवा, नरेंद्र साहू रोजगार सहायक पटेवा, रामेश्वर, वितरण केंद्र पटेवा के कनिष्ठ यंत्री शुभम यादव,कंप्यूटर ऑपरेटर विजय जगत, लाईनमैन रामकुमार कुर्रे, पूर्णिमा पटेल, हर्ष खरे, विनोद पात्रे, हेमंत सूर्यवंशी, ऋषि निषाद, राजेंद्र बरिहा एवं आस पास के सभी विद्युत उपभोक्तागण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद नयापारा में छात्राओं को विधायक ने किया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल नयापारा में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पाहार से किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह योजना छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। जिन छात्राओं को अपने घर से स्कूल आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब





नहीं होगी। सभी छात्राएं अब साइकिल से स्कूल आएंगी। पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए इसके लिए हमारी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है। शिक्षा किसी भी देश की बुनियादी जरूरतों में से एक है। शिक्षा से ही देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। देश का भविष्य उज्ज्वल हो इसके लिए बच्चों का शिक्षित होना अति आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा प्राप्ति में आने वाले रुकावटों को दूर करने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा मंडल महामंत्री मीना वर्मा, भाजपा नेता धर्मेंद्र महोबिया, पार्षद राहुल आवड़े व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

## कौंदकेरा के कबड्डी व तोरला में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू शुक्रवार को को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। ग्राम कौंदकेरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शामिल होकर खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए अच्छे खिलाड़ी बनने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासित रहने की शिक्षा देती है।



इसी प्रकार ग्राम तोरला में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान ग्राम देवताओं की पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी। उन्होंने मड़ई मेला को छग की पारंपरिक पर्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सौरभ लोधी, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, सुनील पटेल, रिखीराम सिन्हा, दौलत राम साहू, रामेश्वर गजेंद्र, टानिक राम गजेंद्र, मनोज यादव, गोविंद गिरी, घनश्याम साहू, राकेश गजेंद्र, प्रीतम गजेंद्र, रानू गजेंद्र, चुम्मन साहू, परमेश्वर ठाकुर, लोकनाथ सिन्हा, नीतीश गजेंद्र, लेखराम ठाकुर, खुमन गजेंद्र, सोनू गजेंद्र आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस पर सीआईएसएफ में चयनित सोमेश का गांव में सम्मान

**महासमुंद।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को शासकीय प्राथमिक शाला खट्टीडीह (कांपा) में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सोमेश पिता स्व अशोक कुमार कंवर (पूर्व उप-सरपंच, गोपालपुर पंचायत) का केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में चयन होने पर विद्यालय एवं ग्राम पंचायत की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नयापारा कला में मड़ई मेला का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापारा कला में बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव, विधायक और करण सिंह दीवान, जिला सदस्य रहे। शिक्षकगण को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। मेले में ग्राम के सरपंच शशि दीवान, गंगा राम दीवान, पंचगढ़ अध्यक्ष संतलाल साहू, उपाध्यक्ष मोहनलाल पटेल, सचिन, पवन कुमार, ध्रुव, कोषाध्यक्ष राजकुमार पटेल, सहसचिव घनश्याम पटेल, चंद्रहास बरिहा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे और उन्होंने मेला सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**महासमुंद।** व्यापमं द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 का आयोजन 01 फरवरी को दो पालियों में होगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें जिले के 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में कुल 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:45 बजे तक होगी, जिसमें जिले के 17 परीक्षा केंद्रों में 4428 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा को नोडल अधिकारी तथा पीजी कॉलेज प्राचार्य करूणा दुबे को समन्वयक नियुक्त किया गया है। परीक्षा की तैयारी के तहत 30 जनवरी को नोडल एवं समन्वय अधिकारी की उपस्थिति में केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसके पश्चात 31 जनवरी को सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्षों द्वारा पर्यवेक्षकों एवं वीक्षकों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### बिरकोनी में शाकंभरी महोत्सव आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रविवार को शक्ति मंदिर स्थित पटेल सामुदायिक भवन में मां शाकंभरी महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें पटेल समाज द्वारा प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। प्रातः 11 बजे माता शाकंभरी को रथ में विराजित कर, शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंच का कार्यक्रम शाम 6 बजे अतिथि स्वागत से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर महाप्रसादी का आयोजन दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।

## छांदनपुर धान खरीदी केंद्र पर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें, नेशनल हाईवे-53 पर जाम का खतरा, बड़ी दुर्घटना की आशंका



**बसना।** छंदनपुर धान खरीदी केंद्र में इन दिनों किसानों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। धान बेचने पहुंचे किसानों के ट्रैक्टरों की लंबी-लंबी कतारें नेशनल हाईवे-53 तक लग गई हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। चिंताजनक बात यह है कि हाईवे पर लगातार खड़े ट्रैक्टरों और वाहनों के कारण बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि सिरको से बसना तक लगभग 4 किलोमीटर के इस मार्ग में कोई बायपास सड़क नहीं है। ऐसे में सभी छोटे-बड़े वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। धान खरीदी केंद्र के सामने ट्रैक्टरों की कतार लगने से कई वाहन मजबूरी में रांग साइड से आना-जाना कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि धान खरीदी की प्रक्रिया समाप्त होने में अब मात्र 7 दिन शेष हैं। अंतिम दिनों में किसानों की संख्या और अधिक बढ़ गई है। खरीदी केंद्र परिसर में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण किसान अपने ट्रैक्टर हाईवे किनारे खड़े करने को मजबूर हैं। इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इस संबंध खरीदी केंद्र के प्रभारी ने संवाददाता को बताया कि जगह की कमी के कारण ऐसी स्थिति है और फिलहाल यही व्यवस्था चल रही है। किसानों और आम नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को पहले से ही वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी, ताकि हाईवे पर जाम और दुर्घटना की स्थिति न बने।

# टोकन नहीं कटने से किसानों में रोष तेंदूकोना में किसानों का धरना कल



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

जिले के बागबाहरा तहसील अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित तेंदूकोना में धान खरीदी को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है। समिति में 50 किसानों का कुल 6201.20 क्विंटल धान बिक्री हेतु पहले ही सत्यापित हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक टोकन नहीं जारी किया गया। शनिवार को तेंदूकोना के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल बागबाहरा जाकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर सत्यापित किसानों का टोकन काटने व धान खरीदी की मांग की और समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही टोकन काटकर धान खरीदी शुरू नहीं की गई, तो 02 फरवरी को सुबह 11 बजे तेंदूकोना में चक्का जाम कर व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह जानकारी भारतीय किसान संघ के बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय साहू ने दी है।

# मां शारदा भवानी उर्री डोंगरी मेला की हुई शुरुआत

## आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

उर्री डोंगरी स्थित मां शारदा भवानी

■ तीन दिनों तक आयोजित किया जाएगा मेला

के पावन धाम में तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से हुआ।

मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे एवं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य



पुरुषोत्तम, जनपद सभापति दिनेश अग्रवाल, पुन्नी विष्णु साहू, दीपक भानुप्रताप एवं नारायण ध्रुव मंचस्थ रहे।

मेला समिति की ओर से अध्यक्ष लक्ष्मीकांत एवं उपाध्यक्ष पवन साहू सहित समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

तीन दिवसीय इस मेले में भजन-कीर्तन, लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक झूले, स्थानीय हस्तशिल्प एवं ग्रामीण व्यंजनों की विशेष झलक देखने को मिलेगी। मेला समिति एवं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## मानव को मानव योनि में रहकर ही कर्मो का फल भोगना पड़ता - योग शक्ति भारती दीदी



**खल्लारी।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन में योग शक्ति भारती दीदी ने मनुष्य के जन्म-मरण की अद्भुत कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने विकर्मों की सजा भोगने के लिए किसी पशु योनि में नहीं जाता बल्कि मनुष्य के मनुष्य शरीर में रहकर ही उसे अपने किए हुए पाप कर्मों का प्रतिफल भोगना पड़ता है। मानव शरीर में रहकर ही शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं एवं दुख मनुष्य के किए हुए पाप कर्मों का ही प्रतिफल है। कथा श्रवण करने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर डॉ युगल किशोर चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लोकेश पनुरिया, खल्लारी सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू, इंद्र कुमार चौहान, पूरन कंवर, कोमल चंद साहू संहित ग्रामीणजन व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट में जनभागीदारी समिति की बैठक हुई

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट में 30 जनवरी को जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं द्वारा उपस्थित जनभागीदारी समिति के सम्माननीय सदस्यों को बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि जनभागीदारी समिति महाविद्यालय के शैक्षणिक, भौतिक एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम है। जिसके माध्यम से शिक्षा और समाज के बीच सेतु स्थापित होता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. संपत अग्रवाल ने उद्बोधन दिया गया जिसमें उन्होंने महाविद्यालय को निरंतर प्रगतिशील बनाने में जनभागीदारी समिति की महत्ता को सारगर्भित रूप में बताया साथ ही अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के जनभागीदारी कोष में धन राशि प्रदान करने की घोषणा किया गया। जिसमें अध्यक्ष डॉ. संपत अग्रवाल ने 1 लाख, विधायक प्रतिनिधि कैलाश अग्रवाल ने 21 हजार, उद्योग प्रतिनिधि गजेंद्र चौधरी ने 11 हजार, संतोष सिंह ठाकुर ने 11 हजार, योगेश टंडन



एवं अशोक साहू ने 5-5 हजार तथा बंशीधर राणा ने 3 हजार रुपए का योगदान देने का संकल्प लिया। तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा प्राचार्य को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके नेतृत्व एवं योगदान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता राजेंद्र कुर्रे द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। जनभागीदारी समिति के आज के बैठक से प्राप्त की गई धन राशि में से 98 हजार रुपए महाविद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वीर सिंह नेताम एवं राजेंद्र यादव को सात माह के मासिक वेतन के रुप में दिया गया।



### मनरेगा का नाम बदलने का विरोध

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम मुड़पार में चल रहे वीबी जी राम जी के कार्यशाला में मजदूरों को रोजगार मिल सके, इसके लिए 100 दिवस की जगह 125 दिवस किया गया है। इस ग्राम मुड़पार मे चल मनरेगा कार्य में लगे मजदूरों के बीच हालचाल जानने पूर्व जनपद पंचायत सभापति उत्तम राणा, कोमाखान मंडल अध्यक्ष किशोर चतुर्वेदी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल पहुंचे, जहां मजदूरों से चर्चा कर केंद्र में बैठी मोदी की सरकार ने जो महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदल कर वीबी जीरामजी मनरेगा का नाम रखा गया है, इस सरकार के नाकामी और जो नाम बदलकर महात्मा गांधी का अपमान किया है इसे जनता नहीं सहेगी। इस दौरान पोखन महानंद, गोपी निहाल, रमेश दीवान दीनदयाल दीवान, रोशन, उदय राम निहाल, ब्रिज ठाकुर, मिलाप ठाकुर, ओडिशा ठाकुर, लखन ठाकुर, प्रेम राजपूत, डाहर सिंह पटेल, यादो राम, डमरू विश्वकर्मा, दयालुराम, गुमान दीवान, टिकेश, लक्ष्मी बाई, सोनिया बाई, लक्ष्मीबाई, सुमित्रा बाई, दुर्गाबाई, हेमिन बाई, आशा बाई, देवकी बाई, रूखमणि बाई इत्यादि मजदूर उपस्थित रहे।

# नितेश ने एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण कर बढाया क्षेत्र का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ग्राम नर्रा (झिटकी) निवासी किसान एवं व्यवसायी उमाराम साहू एवं माता सावित्री साहू के पुत्र नितेश साहू ने एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। एफएमजीई परीक्षा विदेशी चिकित्सा स्नातकों के लिए भारत में चिकित्सकीय सेवा हेतु अनिवार्य लाइसेंसी परीक्षा मानी जाती है। नितेश की इस उपलब्धि से ग्राम सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। डॉ. नितेश ने हरिभूमि को बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा नवज्योति विद्यालय (आईसीएसई) से तथा माध्यमिक शिक्षा युवोदय विद्यालय, बलांगीर से पूर्ण हुई। उन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके पश्चात उसी वर्ष उन्होंने कजाकिस्तान के



■ हरिभूमि से साझा की सफलता की कहानी

अस्ताना मेडिकल विश्वविद्यालय में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया और भारत से बाहर रहकर 5 वर्षीय मेडिकल कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। एमबीबीएस के बाद एफएमजीई परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने अपने मित्रों की सलाह पर दिल्ली में 6 माह तक कोचिंग ली। जनवरी में आयोजित एफएमजीई स्क्रीनिंग परीक्षा में उन्होंने 300 में से 192 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। डॉ. नितेश साहू ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय नवज्योति विद्यालय, युवोदय विद्यालय, अस्ताना मेडिकल यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, दिल्ली के कोचिंग शिक्षकों, माता-पिता एवं परिवार के वरिष्ठजनों को देते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इनके मार्गदर्शन व आशीर्वाद से ही वे इस मुकाम तक पहुंच सके।



### चार युवकों का सीआईएसएफ व एक का एमबीबीएस में चयन, गणतंत्र दिवस पर हुआ सम्मान

**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के चार युवकों का सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) तथा एक युवक का एमबीबीएस में चयन होने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सीआईएसएफ में चयनित युवकों में संतोष ध्रुव (ग्राम बहेराभांठा), तिरेंद्र कुमार (नर्रा), कपिल पटेल (कोकड़ी) एवं प्रीतम कुमार (भलेसर) शामिल हैं। वहीं डॉ. नितेश साहू (नर्रा–झिटकी) का एमबीबीएस में चयन हुआ है। शाला परिवार की ओर से सभी चयनित युवाओं को श्रीफल, स्मृति-चिन्ह एवं गमच्छा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नर्रा विद्यालय में श्रद्धा के साथ मनाई गई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान एवं शांति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शाला समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। शाला समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल ने महात्मा गांधी के जीवन, सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते गांधी जी के मौन मंत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि बापू प्रत्येक सोमवार को मौन व्रत रखते थे, जिससे



आत्मिक शांति मिलती है और व्यक्ति को आत्मचिंतन का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोकनाथ पटेल (उपसरपंच), दिनेश यादव, रूपेंद्र साहू, प्रभारी प्राचार्य भूपेंद्र पढ़ियार, शिक्षक दुर्गेश चंद्राकर, खगेश साहनी, सुखराम चंद्राकर सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**नर्रा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी पुण्यतिथि पर "स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान" संचालित किया जा रहा है। सीएमएचओ महासमुंद डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह एवं बीएमओ बागबाहरा डॉ. बी.एस. बढ़ई के मार्गदर्शन में ब्लॉक कुष्ठ नोडल एम. चौधरी ने कुष्ठ रोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप या देवी-प्रकोप नहीं, बल्कि जीवाणु से होने वाला साधारण रोग है। कोमाखान सेक्टर कुष्ठ नोडल डिगेंद्र परमार ने रोग के लक्षणों की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मधुराज देवांगन, जिला कुष्ठ सलाहकार एकेश्वर शुक्ला, सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू, एलएचवी सोनिका दास, ग्राम पंचायत राटापाली की सरपंच पूर्णिमा सोनवानी सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बसना शहर वितरण केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बसना शहर वितरण केंद्र द्वारा राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन डॉ.खुशबू अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष बसना के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद गण राकेश डडसेना, कादरी और संगीता नायक के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कंपनी की अब तक की उपलब्धियां, विद्युत सेवा के विस्तार और उपभोक्ता के सहभागिता को भी विशेष रूप से सराहा गया महोत्सव के दौरान बीपीएल कनेक्शन के मानक अनुरूप खपत वाले उपभोक्ताओं, 2 साल से नियमित भुगतान करने वाले घरेलू, गैर घरेलू और कृषक उपभोक्ताओं



तथा पीएम सूर्य घर योजना के प्रथम पांच लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा विद्युत के क्षेत्र में किया जा रहे नित नये प्रगति की प्रशंसा करते हुए वर्तमान में शासन द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापना हेतु दी जा रही सब्सिडी का लाभ अधिकाधिक संख्या में लेने हेतु आम जनता से एवं उपस्थित उपभोक्ताओं से आहवान किया। इस अवसर पर बसना उपसंभाग के सहायक अभियंता एन के आदित्य ने बसना शहर क्षेत्र में विद्युत विकास के संबंध में बताते हुए कहा कि बसना शहर में एकमात्र 33/11 केवी उपकेंद्र था,आज की स्थिति में दो 33/11 केवी उपकेंद्र स्थापित है जिसमें कुल पांच नग पॉवर ट्रांसफॉर्मर हैं, एवं बसना शहर के अंतर्गत लगभग 150 नग डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर स्थापित हो चुका है, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। महोत्सव के दौरान कंपनी के विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। उप संभाग बसना के अंतर्गत 31 जनवरी को ग्राम जगदीशपुर वितरण केंद्र बसना ग्रामीण के अंतर्गत एवं 2 फरवरी को गढ़फुलझर वितरण केंद्र के अंतर्गत रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

